# 5 संगठिकाओं को कारण बताओ नोटिस

रतलाम। पीएम स्वनिधि प्रकरणों में लक्ष्य की पूर्ति नहीं करने पर पांच सामुदायिक संगठिका को कारण बताओ नोटिस के साथ ही टीएल बैठक में मौजूद नहीं होने पर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने दिए। पीएम स्वनिधि प्रकरणों के लक्ष्य की पूर्ति नहीं किए जाने पर राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) शाखा की सामुदायिक संगठिका राजश्री गुमास्ते, सीमा सुरोलिया, रेखा राठौर, हेमा सिलावट, निर्मला राय को सेवा अनुबंध समाप्ति हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया। साथ ही 20 जनवरी को आयुक्त कक्ष में हुई टीएल की बैठक में मौजूद नहीं होने पर एक दिन का वेतन काटने निर्देश भी दिए गए।

# निगम आयुक्त ने निगम के उद्यान का किया अवलोकन

रतलाम। निगम आयुक्त ने प्रातः नगर निगम कार्यालय परिसर स्थित उद्यान को जैविक खाद से ओर अधिक हरा-भरा बनाये जाने हेतु उद्यान का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित को दिये।

निगम आयुक्त ने अवलोकन के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह व उद्यान पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र दोगाया को निर्देशित किया कि उद्यान से निकलने वाले कचरे से जैविक खाद बनाये जाने हेतु उद्यान में एक ओर कम्पोस्ट पिट तैयार की जाये ताकि बारी-बारी से कचरे से खाद बनाई जाकर तैयार खाद को उद्यान में डालकर ओर अधिक हरा-भरा बनाया जा सकें।

राज एक्सप्रेस 22/1/21

# 12 पर जुर्माना

रतलाम। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार हातिम अली प्लास्टिक हाउस भुट्टा बाजार पर 1000, नवीन भुट्टा बाजार, राकेश बाजना बस स्टैण्ड, हुसैन छावनीवाला माणक चौक, ईजी ऑटो मोबाईल महू रोड पर 500-500, ए.के. फर्नीचर महू रोड पर 300, राजू, पंकज रंगरेज रोड, गोटा स्टोर, खोजेमा पर 250-250, कृष्णा मटके वाला मिर्ची गली माणक चौक पर 200 पर रूपये का स्पॉट फाईन पीओएस मशीन के माध्यम से ऑन लाईन किया गया।

# 91 दिनों में ठीक किए 127 वॉल्व व 627 पाइप लीकेज

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ बनाने के लिए पाइप लाइन व वॉल्व लीकेज ठीक करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 91 दिनों में 127 वॉल्व व 627 पाइप लाइन लीकेजों को ठीक किया जा चुका है। रतलाम जलशक्ति अभियान वाट्सएप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड कर तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है। गुरुवार को पटेल कॉलोनी शौचालय के पास, राजेंद्र नगर, गांधी नगर आकाश दूध डेरी के पास, अलकापुरी, भगतपुरी, रत्नपुरी मुखर्जी नगर में पाइप लाइन लीकेज और इंदिरा नगर टीआइटी बिल्डिंग के पास वॉल्व ठीक करवाया गया। कार्यवाही कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास आदि के निर्देशन में की गई।

**जवाहरनगर में लगेगा बकाया वसूली शिविर :** शहर के वार्ड क्रमांक 4, 5 व 13 के नागरिकों के लिए नगर निगम द्वारा अम्बे माता मंदिर जवाहर नगर पर बकाया वसूली शिविर लगाया जाएगा।

# 571 मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 571 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। गुरुवार को अलकापुरी, कस्तूरबा नगर, मुखर्जी नगर, विरियाखेड़ी व जवाहर नगर से छह मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।


# शुक्ला उपायुक्त नगर निगम का अतिरिक्त कार्य देखेंगे

रतलाम। कलेक्टर गोपालचंद डाड द्वारा जारी एक आदेश जारी किया गया है जिसके अनुसार परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण निशिकांत शुक्ला अपने कार्य के साथ-साथ उपायुक्त नगर पालिका निगम रतलाम का अतिरिक्त कार्य संपादित करेंगे।

# पीएम आवासः 1.68 लाख मकानों के निर्माण को मंजूरी

नई दिल्ली » एजेंसी

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में 1.68 लाख से अधिक मकानों के निर्माण को मंजूरी दी है। इस तरह अब तक मंजूर किए गए मकानों की कुल संख्या 1.1 करोड़ हो गई है।



इस बीच गृह मंत्री अमित शाह ने उम्मीद जताई कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 15 अगस्त 2022 तक देश में सबको आवास मुहैया करा दिए जाएंगे। गृह मंत्री शाह ने गुरुवार को अहमदाबाद के शिलाज इलाके में एक किलोमीटर लंबे ओवरब्रिज का वर्चुअल लोकार्पण करते हुए यह बात कही। इससे पहले केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने बताया कि केंद्रीय मंजूरी और निगरानी समिति (सीएसएमसी) की बुधवार को हुई इस बैठक में 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों ने भाग लिया।

दबंग

**रतलाम की हर सड़क पर सब्जी मंडी** • नगर निगम दो हजार रुपए तक जुर्माना वसूल रहा लेकिन दुकानदारों का कब्जा बढ़ रहा

# जानलेवा हैं ये कब्जे

# जुर्माना व कार्रवाई भी बेअसर, रोड किनारे कब्जे वाली दुकानों पर सब्जी लेने जा रही महिला की हादसे में मौत

## नगर निगम ने सीसीटीवी से निगरानी कर अतिक्रमण चिह्नित कर हटाया लेकिन रणनीति नाकाम

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में अतिक्रमण करने वालों पर नगर निगम सीसीटीवी कैमरे से निगरानी कर रहा है लेकिन यह बेनतीजा हो रहा है। बुधवार को सड़क किनारे लगी दुकान से सब्जी लेने के दौरान एक महिला हादसे का शिकार हो गई। यातायात विभाग इसे अपने कार्यक्षेत्र के बाहर का मामला बता रहा है। निगम अमला अतिक्रमण पर दुकानदारों से 500 से 2 हजार रुपए जुर्माना वसूल रहा है लेकिन अतिक्रमणकारी जस के तस दोबारा सड़क पर पसर रहे हैं।

निगम ने कॉलेज रोड, छत्रीपुल लोकेंद्र टॉकीज क्षेत्र, गायत्री टॉकीज, जेल रोड, बाल चिकित्सालय रोड, धानमंडी, चांदनीचौक, बाजना बस स्टैंड से अतिक्रमण हटाया और जुर्माना किया लेकिन व्यापारियों ने फिर कब्जा जमा लिया। इससे ट्रैफिक तो जाम हो रहा है व दुर्घटना भी हो रही है। सज्जन मिल फोरलेन पर चामुंडा चौराहा पर सड़क किनारे लगी सब्जी की दुकानें लग गई हैं। इस दुकान पर सब्जी लेने जा रही एक महिला की दुर्घटना में मौत हो गई है। मौत की वजह अतिक्रमण है।

### स्पोर्ट्स बाइक सवारों ने मारी महिला को टक्कर



इंदिरा बगमार

सज्जन मिल फोरलेन चामुंडा चौराहा पर सब्जी की दुकानें लगी हैं। अलकापुरी के पास टैगोर कॉलोनी की इंदिरा बगमार बुधवार दोपहर 2:30 बजे रोड पार कर सब्जी लेने जा रही थी। तभी नयागांव तरफ से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। सिर से खून ज्यादा बहने से उन्हें इंदौर रेफर किया गया। गुरुवार को अंतिम संस्कार किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दो युवक चेक्स शर्ट पहने स्पोर्ट्स बाइक से साक्षी पेट्रोल पंप की ओर से तेजी से आ रहे थे। इससे दुर्घटना हुई। चामुंडा चौराहा के आसपास अतिक्रमण के कारण दुर्घटना हुई है।



अलकापुरी चामुंडा चौराहा पर फोरलेन किनारे लगी सब्जी की दुकानें हादसे का सबब बन रही हैं।

### बाजार और उनकी स्थिति : जहां कारों के लिए जगह तय की वहां पर लग रहे ठेले

**बाल चिकित्सालय के सामने**- एक महीने पहले निगम ने रात को जेसीबी से अतिक्रमण हटाया था दुकानदारों पर 500 से 2 हजार रुपए का जुर्माना भी किया था। यहां से डिवाइडर हटते ही दुकानदार फिर सड़क पर आ गए हैं।

**त्रिपोलिया गेट**- त्रिपोलिया गेट गेट के पास कारों की पार्किंग का स्थान तय किया था लेकिन यहां फिर ठेले लगना शुरू हो गए हैं। वहीं चांदनीचौक से त्रिपोलिया गेट रोड की भी यही स्थिति है। पार्किंग लाइन को क्रॉस कर कब्जा हो रहा है।

**बाजना बस स्टैंड**- बाजना बस स्टैंड पर फोरलेन किनारे निगम प्रशासन ने दुकानें हटाई थीं। दो दिन पहले एक महिला और उनका परिवार तो जेसीबी के आगे ही खड़ा हो गया था। बाजना बस स्टैंड से सागोद पुलिया तक अतिक्रमण हो गया है।

**भुट्टा बाजार**- यहां व्यस्ततम बाजार में ठेले वालों ने कब्जा जमा रखा है। यहां भी अभियान चलाकर इन्हें पीछे हटाया था लेकिन ये फिर आगे आ गए हैं।

**छत्रीपुल**- कर्मचारी बीमा निगम के बाहर निगम ने अतिक्रमण हटाया था। अब वह अतिक्रमण बढ़ते हुए धीरे-धीरे फिर कोर्ट चौराहा की तरफ बढ़ने लगा है।

### सब्जी की दुकानें हटाएं ताकि जान पर न बने

पूर्व पार्षद चंदना अनिल पुरोहित ने बताया कि सज्जन मिल फोरलेन के किनारे सहित शहर के अधिकतर सड़कों के किनारे सब्जी की दुकानें लग गई हैं। इनसे अतिक्रमण हो रहा है। इनसे आए दिन दुर्घटना हो रही है। सड़क किनारे लगी दुकानों के कारण टैगोर कॉलोनी निवासी महिला की मौत हुई है। निगम प्रशासन को तत्काल अतिक्रमण हटाना चाहिए ताकि आगे से किसी की जान ना जाए।

### अतिक्रमण हटाना नगर निगम का काम है

ट्रैफिक टीआई आर कटारा ने बताया हम ट्रैफिक सुधार के लिए काम कर रहे हैं। लेकिन अतिक्रमण हटाना नगर निगम का काम है। उन्हें ही इसे हटाना है। हम तो केवल उनके साथ रहकर मदद करते हैं।

आरेश्वर

## मुख्यमंत्री ने जीएडी की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# पात्र शासकीय सेवकों को शीघ्र दी जाए पदोन्नति

## सिर्फ निर्देश जारी करना काफी नहीं, बताएं क्या कार्य हुआ



भोपाल, (प्रस)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश के सभी विभागों के शासकीय कर्मचारियों को पात्रता अनुसार शीघ्र पदोन्नति दी जाए। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) बिना विलंब के नियमानुसार सर्वसम्मत हल निकालकर कार्रवाई करें। अब इस कार्य में और अधिक विलंब नहीं होना चाहिए।

श्री चौहान बुधवार को यहां मंत्रालय में सामान्य प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में सामान्य प्रशासन विभाग राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विनोद कुमार, प्रमुख सचिव मनोज गोविल, प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी आदि उपस्थित थे। श्री चौहान ने कहा कि विभागीय कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति के संबंध में अधिकारी यह न लिखें कि निर्देश जारी किए गए, यह बताएं कि क्या कार्य हुआ है। केवल कनिष्ठ कार्यालय को निर्देश जारी करना वरिष्ठ कार्यालय का दायित्व नहीं है। कार्य सुनिश्चित कराना भी जरूरी है।

### प्रदेश के बाहर प्रदेश की संपत्ति पर न हो कब्जे

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मध्यप्रदेश की अन्य प्रदेशों में स्थित संपत्तियों की नियमित रूप से देखरेख की जाए तथा उन पर कब्जे न हों, इसका ध्यान रखा जाए। बताया गया कि आत्म–निर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप की अनुशंसा के अनुरूप मध्यप्रदेश लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग का गठन कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि हर शासकीय कर्मचारी को सूचना तकनीकी में दक्ष होना जरूरी है। इसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाए।

### सेवानिवृत्ति पर हो स्वत्वों का एकमुश्त भुगतान

सीएम ने निर्देश दिए कि सभी शासकीय सेवकों को सेवानिवृत्ति पर उनके सभी स्वत्वों का एकमुश्त भुगतान सुनिश्चित किया जाए। यह कर्मचारी कल्याण का प्रमुख बिन्दु है।

### प्रदेश में लागू हो ई–ऑफिस प्रणाली

श्री चौहान ने निर्देश दिए कि प्रदेश में ई–ऑफिस प्रणाली प्रारंभ की जाए। सर्वप्रथम मंत्रालय में ई–ऑफिस प्रणाली लागू की जाए। इसके लिए टाइम बाउण्ड कार्यक्रम बनाएं तथा आवश्यक प्रशिक्षण दें। मंत्रियों, विधायकों को भी इस संबंध में प्रशिक्षण दिया जाए। शासकीय सेवकों की सेवा पुस्तिकाओं के डिजिटलाइजेशन का कार्य भी शीघ्र पूर्ण किया जाए।

### समय पर मिलें जाति, आय, मूल निवासी प्रमाण–पत्र

उन्होंने निर्देश दिए कि आवेदकों को जाति, आय, मूल निवास आदि प्रमाण–पत्र समय पर मिलना सुनिश्चित किया जाए। सामान्य प्रशासन विभाग सुपरविजन कर इस कार्य को सुनिश्चित कराए। उन्होंने निर्देश दिए कि सामान्य प्रशासन विभाग शासन का अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग है। यह अन्य विभागों के कार्य का सुपरविजन भी करता है। इसका कार्य 'परफेक्ट' होना चाहिए।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका–पृष्ठ 08 दिनांक 22/01/2021

स्वच्छता थीम पर प्रतियोगिता

# रंगों से सुंदर शहर की कल्पना को केनवास पर उकेरा



रतलाम. स्वच्छ और साफ सुथरे शहर की कल्पना आज एक अहम मुद्दा है और स्वस्थ नगर के लिये आवश्यक सोच भी है। ये भी सच है कि साफ सुंदर जगह पर रहना हर कोई पसंद करता है, फिरभी सडकों पर ये कचरे का ढेर, सडकों पर बहता नालियों का पानी, सडकों और नालों में यहां-वहां बिखरे कचरे यही बंया कर रहे हैं कि स्वच्छता के प्रति हम अब भी उदासीनता है। ऐसे में जरुरी है कि सभी शहर के कोने-कोने को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास करे और इसके लिए औरों को भी प्रेरित करे।

गुरुवार को शहर के शास्त्री नगर स्थित श्रीगुरुतेग बहादुर पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में शहर की स्वच्छता में मेरी भूमिका विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गुरुनाम सिंह, नगर निगम उपायुक्त विकास सोंलकी और स्वास्थ्य प्रभारी एपीसिंह की मौजूदगी में किया गया। इस मौके पर 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने रंगो के माध्यम से सुंदर शहर की कल्पना को केनवास पर उतारा है। स्कूली बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से घर और शहर की सडकों से निकले कचरे के निपटान, इसका उपयोग खाद के रुप में करने आदि व्यवस्था से जुडे चित्र भी बनाए। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य अवनीश पाण्डे, प्रधान अध्यापिका सरला माहेश्वरी सहित अतिथियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वतीय और तृतीय स्थान पर रहे प्रतियोगियों को शील्ड व प्रमाणपत्र भेंज किए वही अन्य सभी प्रतियोगियों को स्वच्छता सम्मान भेंट किए गए। पत्रिका

**माइक्रो लेवल मॉनीटरिंग** | **शिकायतों के निराकरण में छिंदवाड़ा नंबर वन**

# जनता को साधने चुनाव से पूर्व 'समाधानी' हुए निकाय

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** सरकार निकाय चुनाव तक जनता की तमाम शिकायतों का समाधान चाहती है। नगरीय प्रशासन विभाग शिकायतों की माइक्रो लेवल पर मॉनीटरिंग करवा रहा है। ई-नगर पालिका, सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य माध्यमों से मिल रही शिकायतों का एक हफ्ते में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग का मानना है कि वार्ड स्तर पर मॉनीटरिंग करने से पेंडेंसी ज्यादा नहीं रहती, इसलिए वार्ड स्तर पर मॉनीटरिंग की जाए।

## भोपाल नगर निगम 10वें नंबर पर

**शिकायतों** के निराकरण में भोपाल नगर निगम 10वें नंबर पर है। यहां का वैटेज स्कोर 74 है, जबकि सभी को 80 वैटेज स्कोर लाना जरूरी है। इंदौर की स्थिति अच्छी है। हालांकि, भोपाल में नॉन अटेंडेंट कॉल सबसे ज्यादा हैं। इन शहरों में सबसे ज्यादा हाउस होल्डर हैं।




हाल ही की ग्रेडिंग में प्रदेश के 16 नगर निगम में से केवल छिंदवाड़ा को 80 फीसदी शिकायतों के निराकरण पर 'ए' ग्रेड मिली है। अन्य निकायों में 6-7% शिकायतों का निराकरण 100 दिन तक नहीं हो पा रहा।

पत्रिका

## आलीराजपुर जिला सबसे आगे

शिकायतों के निराकरण में जिलेवार रिपोर्ट देखें तो सबसे आगे आलीराजपुर जिला है। यहां के निकायों में 84 फीसदी शिकायतों का निराकरण होता है। नॉन अटेंडेंट शिकायतों की संख्या भी काफी कम है। दूसरे नंबर पर निवाड़ी जिला है, जहां 78 फीसदी शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में किया जा रहा है। इस मामले में भोपाल जिला 19वें और इंदौर 20वें नंबर पर है।

### चार जिलों के निकाय फिसड्डी

चार जिले अनूपपुर, पन्ना, डिंडोरी और दमोह नगरीय निकायों में आने वाली शिकायतों के निराकरण में फिसड्डी हैं। यहां 60% से कम निराकरण हो पाता है। यहां शिकायतें भी पूरी रिसीव नहीं हो रही है।

# कैनवास पर उकेरी सुंदर शहर की कल्पना

## स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया



चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ अध्यक्ष गुरुनामसिंह डंग, नगर निगम उपायुक्त विकास सोलंकी और स्वास्थ्य प्रभारी एपी सिंह आदि। • नईदुनिया

रतलाम। स्वच्छ और साफ सुथरे शहर की कल्पना आज एक अहम मुद्दा है और स्वस्थ नगर के लिए आवश्यक सोच भी है। ये भी सच है कि साफ-सुंदर जगह पर रहना हर कोई पसंद करता है। फिर भी सड़कों पर कचरे का ढेर, सड़कों पर बहता नालियों का पानी, सड़कों और नालों में यहां-वहां बिखरे कचरे यही बयां कर रहे हैं कि स्वच्छता के प्रति हम अब भी उदासीनता है। ऐसे में जरूरी है कि सभी शहर के कोने-कोने को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास करें और इसके लिए अन्य को भी प्रेरित करें।

गुरुवार को शहर के शास्त्री नगर स्थित श्री गुरुतेग बहादुर पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में शहर की स्वच्छता में मेरी भूमिका विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गुरुनामसिंह डंग, नगर निगम उपायुक्त विकास सोलंकी और स्वास्थ्य प्रभारी एपी सिंह की मौजूदगी में किया गया। इस मौके पर 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने रंगों के माध्यम से सुंदर शहर की कल्पना को कैनवास पर उतारा। स्कूली बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से घर और शहर की सड़कों से निकले कचरे के निपटान, इसका उपयोग खाद के रूप में करने आदि व्यवस्था से जुड़े चित्र भी बनाए। स्कूल प्राचार्य अवनीश पांडे, प्रधान अध्यापिका सरला माहेश्वरी सहित अतिथियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे प्रतियोगियों को शील्ड, प्रमाण-पत्र भेंट किए। अन्य सभी प्रतियोगियों को स्वच्छता सम्मान भेंट किए गए। नईदुनिया

### गंदगी फैलाने वाले आठ व्यक्तियों पर जुर्माना

नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिकों व दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत नजर रखी जा रही है। इसके लिए पुलिस कंट्रोल रूम पर तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने पर मोदी किराना डालू मोदी बाजार, ललित खेरादीवास पर 500-500, बैंगलोर मसाला डोसा, गणेश चाईनीज, श्री साई चाईनीज, सत्यम चाईनीज, मुंबई चाईनीज व महाकाल चाईनीज पर 100-100 रुपये का स्पॉट फाइन पीओएस मशीन के माध्यम से ऑनलाइन किया गया। जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाडे, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि द्वारा की गई।

# स्वच्छता के साथ दिया महिला सम्मान का संदेश

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

शहर का कोना-कोना साफ सुथरा और गंदगी से मुक्त रहेगा तो यहां का हर नागरिक स्वस्थ्य रहेगा। हम अपने घर, समाज और शहर के गणमान्य नागरिकों से अनुरोध करेंगे कि वे खुद न गंदगी करे और ना ही दूसरों को गंदगी करने दे। स्वच्छ सर्वेक्षण -2021 में हम रतलाम को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-1 बनाकर रहेंगे। शहर के कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में यह संकल्प पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रही बेटियों और महिला खिलाड़ियों ने लिया।



पुलिस चयन परीक्षा की तैयारियों में जुटी बेटियों ने कालेज ग्राउण्ड से शुरु हुई मैराथन दौड़ में हिस्सा लिया। इस दौरान धाविकाओं ने शहर के प्रमुख क्षेत्रों से गुजरते हुए नागरिकों को स्वच्छता के साथ ही महिला सम्मान का संदेश दिया है। दौड़ का समापन कालेज ग्राउण्ड पर हुआ।

यहां नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 की जुड़ी जानकारी साझा करते हुए बेटियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह,महिला एवं बाल विकास विभाग की वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्रीमती एहतेशाम अंसारी, वनिता सिंधु, श्रीमती बरखा, राष्ट्रीय एथेलिट अमानत खान, श्रवण यादव, गौरव सहित समाजसेवी रत्नपाल, जनक नागल आदि उपस्थित रहे।

कर वसूली शिविर लगा रहे पर नल कनेक्शन नहीं काट रहे

# शहर में कई वर्षों से यह लोग पी रहे नगर निगम का पानी, जल कर चुकाने में पीछे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में करीब 100 लोग इतने बाहुबली हैं कि कई वर्षों से नगर निगम के नल कनेक्शन को लेकर पानी तो पी रहे हैं, लेकिन जब बारी कर चुकाने की आती है तो वे पीठ दिखाते हुए एक भी रुपए नहीं चुकाते हैं। नगर निगम के जलविभाग के कर्मचारी इनको पानी चोर तो रिकार्ड अनुसार बकायादार इनके नाम के आगे लिखा जाता है। नगर निगम हर मोहल्लों में कर वसूली के लिए शिविर तो लगा रही है, लेकिन इन बकायादार से वसूली करने में निगम के जलविभाग के कर्मचारियों को भरी सर्दी में पसीना आ रहा है। इधर संपत्तिकर विभाग ने तो बकायादार की सूची ही पूरी नहीं बनाई है। बड़े बकायादारों पर 33 लाख से अधिक की वसूली शेष है।

शहर में नगर निगम प्रतिमाह पेयजल के लिए 150 रुपए लेती है। इसके बदले कस्तुरबा नगर क्षेत्र को छोड़कर शेष मोहल्लो में 15 दिन पानी देकर पूरे 30 दिन के रुपए वसूलती है। शहर के कुछ मोहल्लों में करीब 100 से कुछ अधिक लोग इतने प्रभावशाली है जो कितने भी नोटिस दे दिए जाए, लेकिन अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए 150 रुपए महिना भी नहीं देते हैं। नगर निगम हर बार इनकी सूची तो बनाता है, नोटिस भी देता है, लेकिन अधिकारियों के सहयोग के अभाव में इन बकायादार के नल कनेक्शन को काटने का साहस नहीं जुटा पाता है। जो बकायादार है इनसे ही पूरी वसूली हो जाए तो नगर निगम को 33.86 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हो जाए।

## यह प्रमुख दस नाम जो नहीं दे रहे जलकर

| नाम | बकाया रुपए हजार में |
|---|---|
| करणसिंह पैलेस रोड | 34645 |
| अब्दुल गफ्फुर शेरानीपुरा | 34695 |
| महेशचंद्र स्टेशन रोड | 34430 |
| पुनमचंद लोहार रोड | 33795 |
| रतनलाल रामदेवजी की घाटी | 33280 |
| लालचंद चांदनीचौक | 33495 |
| समरथमल बिचलावास | 33405 |
| लक्ष्मीनारायण शहरसराय | 34355 |
| शंकरसिंह जवाहर नगर | 33450 |
| मुश्ताक एहमद शहरसराय | 33445 |



## इन्होंने तो सूची तक तैयार नहीं की

एक तरफ नगर निगम के जलविभाग ने बड़े बकायादार की सूची तैयार कर ली है तो संपत्तिकर विभाग ने अब तक पूरी सूची तैयार नहीं की है। संपत्तिकर विभाग के अधिकारियों के अनुसार पिछले वर्ष सूची बनाई गई थी व उसमे कुछ बड़े लोग के नाम आने के बाद जब वसूली के लिए गए तो वे लोग नाराज हो गए। इसके बाद से अब तक अधिकारियों ने निर्देश नहीं दिए तो सूची को बनाने का कार्य नहीं किया गया है। इसलिए जिस वार्ड में शिविर होता है वहां नोटिस देकर काम चलाया जा रहा है।

## शिविर लगाकर दे रहे मौका

नगर निगम बकायादार से वसूली के लिए ही शिविर लगाकर अवसर दे रही है। मार्च के पूर्व अगर स्वयं ही पूरा कर जमा कर दे तो बेहतर है, अन्यथा नगर निगम कड़े कदम उठाएगी।

**- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार पृष्ठ 03 दिनांक 22/01/2021

# गंदगी व अतिक्रमण करने पर 12 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार हातिम अली प्लास्टिक हाउस भुट्टा बाजार पर 1000, नवीन भुट्टा बाजार, राकेश बाजना बस स्टैण्ड, हुसैन छावनीवाला माणक चौक, ईजी ऑटो मोबाईल महू रोड पर 500-500, ए.के. फर्नीचर महू रोड पर 300, राजू, पंकज रंगरेज रोड, गोटा स्टोर, खोजेमा पर 250-250, कृष्णा मटके वाला मिर्ची गली माणक चौक पर 200 पर रूपये का स्पॉट फाईन पीओएस मशीन के माध्यम से ऑन लाईन किया गया।

इन्दौर

# 565 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 20 जनवरी तक 565 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 20 जनवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 565 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 20 जनवरी को काटजू नगर, कस्तुरबा नगर, मुखर्जी नगर व 80 फीट रोड क्षेत्र से 5 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये। शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहे को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़े का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी। इन्दौर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार पृष्ठ 02 दिनांक 22/01/2021



## निगम आयुक्त झारिया ने ली टी.एल. बैठक

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम के विभाग प्रमुखों की साप्ताहिक टी.एल. बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने आयोजित बैठक में निर्देशित किया कि जिस-जिस विभाग में सी0एम0 हेल्प लाईन की शिकायत लंबित है उनका समय-सीमा में निराकरण करवाकर शिकायत बंद करावें अन्यथा संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। इसके अलावा निगम आयुक्त श्री झारिया ने टी.एल. में लंबित शिकायतों का निराकरण एक सप्ताह में करवाये जाने के निर्देश संबंधितों को दिये।

इन्दौर



## निगम आयुक्त झारिया द्वारा निगम के उद्यान का अवलोकन

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने प्रातः नगर निगम कार्यालय परिसर स्थित उद्यान को जैविक खाद से ओर अधिक हरा-भरा बनाये जाने हेतु उद्यान का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित को दिये।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने अवलोकन के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह व उद्यान पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र दोगाया को निर्देशित किया कि उद्यान से निकलने वाले कचरे से जैविक खाद बनाये जाने हेतु उद्यान में एक ओर कम्पोस्ट पिट तैयार की जाये ताकि बारी-बारी से कचरे से खाद बनाई जाकर तैयार खाद को उद्यान में डालकर ओर अधिक हरा-भरा बनाया जा सके।

इन्दौर

## स्वच्छ और स्वस्थ रहे रतलाम, हर जगह हो नारी का सम्मान

रतलाम। शहर का कोना-कोना साफ सुथरा और गंदगी से मुक्त रहेगा तो यहां का हर नागरिक स्वस्थ्य रहेगा। हम अपने घर, समाज और शहर के गणमान्य नागरिकों से अनुरोध करेंगे कि वे खुद न गंदगी करे और ना ही दूसरों को गंदगी करने दे। स्वच्छ सर्वेक्षण -2021 में हम रतलाम को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-1 बनाकर रहेंगे। शहर के कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में यह संकल्प पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रही बेटियों और महिला खिलाड़ियों ने लिया है। पुलिस चयन परीक्षा की तैयारियों में जुटी बेटियों ने कालेज ग्राउण्ड से शुरु हुई मैराथन दौड़ में हिस्सा लिया। इस दौरान धाविकाओं ने शहर के प्रमुख क्षेत्रों से गुजरते हुए नागरिकों को स्वच्छता के साथ ही महिला सम्मान का संदेश दिया है। दौड़ का समापन कालेज ग्राउण्ड पर हुआ। यहां नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 की जुड़ी जानकारी साझा करते हुए बेटियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह,महिला एवं बाल विकास विभाग की वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्रीमती एहतेशाम अंसारी, वनिता सिंधु, श्रीमती बरखा,राष्ट्रीय एथेलिट अमानत खान, श्रवण यादव, गौरव सहित समाजसेवी रत्नपाल, जनक नागल आदि उपस्थित रहे।

इन्दौर

# सीएम हेल्पलाइन में सुनवाई नहीं तो होगी कार्रवाई

पत्रिका सोशल वैल्यू

## निगम आयुक्त झारिया ने बैठक में दिए निर्देश

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com




**रतलाम.** नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम के विभाग प्रमुखों की साप्ताहिक बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये है। इस दौरान आयुक्त ने कहा है कि सीएम हेल्पलाइन में सुनवाई नही की गई तो कार्रवाई की जाएगी।

निगम आयुक्त झारिया ने आयोजित बैठक में निर्देशित किया कि जिस-जिस विभाग में सीएम हेल्प लाईन की शिकायत लंबित है उनका समय-सीमा में निराकरण करवाकर शिकायत बंद करावें अन्यथा संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। इसके अलावा निगम आयुक्त झारिया ने लंबित शिकायतों का निराकरण एक सप्ताह में करवाये जाने के निर्देश संबंधितों को दिये। आयोजित बैठक में उपायुक्त व परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण निशीकान्त शुक्ला, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, प्रभारी कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री एमके जैन, प्रभारी जलप्रदाय सत्यप्रकाश आचार्य, प्रभारी उद्यान विभाग अरविन्द दशोत्तर, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह आदि उपस्थित थे।

पत्रिका

# नगर निगम आयुक्त ने ली टीएल बैठक



रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम के विभाग प्रमुखों की साप्ताहिक टी.एल. बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निगम आयुक्त ने आयोजित बैठक में निर्देशित किया कि जिस-जिस विभाग में सीएम हेल्प लाईन की शिकायत लंबित है उनका समय-सीमा में निराकरण करवाकर शिकायत बंद करावें अन्यथा संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। इसके अलावा निगम आयुक्त ने टी.एल. में लंबित शिकायतों का निराकरण एक सप्ताह में करवाये जाने के निर्देश संबंधितों को दिये। 2/5

राजएक्सप्रेस
22/01/2021